सार-समाचार

मृतकों को श्रद्धांजलि दी

चूरू (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में किए गए हमले के विरोध में बुधवार को जिले में कई स्थानों पर प्रदर्शन किये गये और आतंकवाद का पुतला जलाया गया। इस दौरान हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के वार्ड 02 स्थित आजाद चौक पर बुधवार शाम को पीसीसी सचिव मुश्ताक खान के नेतृत्व में वार्डवासियों व कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि इस प्रकार नाम और धर्म पूछकर सरेआम हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि अब समय आ गया दुश्मनों को सबक सिखाने का। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारत सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब देगा। तभी उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ सचिव महेश ढूकिया, किशोरी भाटी, अंजार खान, गुलनार खान, अज्जू लुहार, अमजद खान, सलीम लुहार, अजीज अली, जिन्दू सिक्का, चांद सिक्का, ओम सोनी, असलम खान, महावीर मेघवाल छोटू बंगाली, रिद्धकरण माली, मंगतूराम, उमरदीन, आरिफ काजी, रामवतार नाई, राजू लुहार, आसिफ मुन्यान, शोएब, अदनान भाटी, शाहिद, आदिल गौरी, राजा खान, फरियाद मोयल, कुलदीप, आवेश, जुबेर मोयल, फरियाद मोयल, लतीफ खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

साक्षरता ब्लॉक समन्वयक की बैठक हुई

सीकर (निसं)। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा कार्यालय सीकर में समस्त ब्लॉक समन्वय साक्षरता जिला सीकर की मासिक बैठक जिला साक्षरता अधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश महर्षि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सहायक परियोजना अधिकारी राजेन्द्र महला ने बताया कि साक्षरता अधिकारी डॉ. महर्षि ने असाक्षरों को उल्लास (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) से जोडकर साक्षर करने व समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ के कौशल को विकसित करने को कहा। जिले में ब्लॉक के माध्यम से प्रत्येक गांव तक स्वयंसेवकों के द्वारा असाक्षरों का चिन्हित कर साक्षर बनाया जायें। इसमें जनप्रतिनिधियों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, आशासहयोगिनी व ग्राम स्तर पर पूर्व विद्यार्थी व सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से शिक्षा की अलख जगाई जाए। सूचना सहायक मुकेश कुमार ने जिले को प्राप्त लक्ष्य से सम्बंधित जानकारी लर्नर्स को ऑनलाईन रजिस्टर्ड करने के तकनीकी पहलुओ पर विस्तार से जानकारी दी। दिनेश कुमार ने महात्मा गांधी पुस्तकालयों व वाचनालयों में उपलब्ध सामग्री के सदुपयोग के लिए विशेष योजना निर्माण को व्यक्त किया। इस अवसर पर भारत सैन, शिम्भु दयाल स्वामी, प्यारेलाल बिजारणिया, रजनीश शर्मा, राम फोगावट, अभिषेक वर्मा, रामचन्द्र सिंह जाखड, धर्मवीर सिंह सैनी, हेमन्त शर्मा, श्रीराम मूण्ड, कैलाश चन्द कविया, सांवरमल बलाई उपस्थित रहें।

पिकअप की टक्कर से महिला पटवारी की मौत

सादुलपुर, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गुलपुरा बाईपास पर दोपहर को एक भीषण सड़क हादसे में राजकीय कर्मचारी बबीता पूनियां का असमय निधन हो गया। हादसे के समय वे राजकीय कार्य हेतु राजगढ़ की ओर जा रही थीं।थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र रामचंद्र जाति जाट निवासी भटोड ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि दोपहर 11 बजे लगभग उसकी पत्नी बबीता जो पटवारी पद पर कार्यरत थी जो राज कार्य के लिए उपखंड कार्यालय अपने स्कूटी से जा रही थी। जब गुलपुरा बाईपास पहुंची तो तारानगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार में एक पिकअप जीप चालक ने जीप को लापरवाही से चलाकर लाया तथा सड़क पर साइड में खड़ी उसकी पत्नी बबीता को टक्कर मार दी। जिसके कारण वह सड़क पर गिर गई तथा गभीर रूप से घायल हो गई पीछे से आ रहे गांव के ही धर्मपाल नरेश आदि ने एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा तथा उसे फोन से सूचना दी जब अस्पताल में पहुंचे तो चिकित्सकों ने जांच कर उसकी पत्नी को मर्त घोषित कर दिया ।पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की

तारानगर (निसं)। तारानगर के सर्व समाज के लोगों ने कस्बे के शहीद भगतसिँह चौक पर जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले की शोक सभा कर कड़े शब्दों में निंदा की एवं आंतकियों के खिलाफ भारत सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की। समाज के लोगों ने इस दु:खद घटना पर शोक व्यक्त किया व सर्वसम्मती से शोक प्रस्ताव पारित किया। उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान, आंतकवाद मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाये व हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शान्ति व शोक संतप्त परिजनों को संबल हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मोके पर शिक्षक नेता वीर बहादुर सिँह राठौड़, धर्मेन्द्र शर्मा, शिव कुमार शर्मा, देवकरण, प्रमोद, विक्की, सुरेन्द्र, लक्ष्मण, गोविन्द, राकेश, हेमंत, पवन, सुमित, अजीत सहित काफी लोग उपस्थित थे।

पार्षद भार्गव ने हिसार से रामेश्वरम के बीच में नई ट्रेन चलाने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने जनरल मैनेजर नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे जयपुर को गुरुवार को पत्र लिखकर हिंसार से रामेश्वरम वाया बैंगलोर के बीच नियमित रेल सेवा या फिर स्पेशल रेल सेवा संचालित करने की मांग की है। भार्गव ने पत्र में उल्लेख किया है कि हरियाणा व राजस्थान से लाखों की संख्या में लोग दक्षिणी भारत में प्रवास करते हैं। दोनों राज्यों से नियमित दक्षिण भारत के लिए नई रेल सेवा की मांग की जाती रही है। आईटी सीटी के नाम से मशहूर बैंगलोर में उत्तर भारत में हरियाणा व राजस्थान के काफी संख्या में लोग रोजी-रोटी कमा रहे हैं। लेकिन बैंगलोर में इन राज्यों से आने के लिए सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण हवाई यात्रा करनी पडती है, जिससे आर्थिक भार यात्रियों पर पडता है। इसलिए हिसार से रामेश्वरम के बीच नई ट्रेन चलाई जाए।

कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा आज

सादुलपुर, (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटको पर हुए कायराने आतंकी हमले के विरोध मे विहिप बजरंग दल प्रखण्ड के द्वारा 25 अप्रैल को विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकाला जाएगा, विहिप ज़िला सह मंत्री प्रवीण सरदारपुरा, विहिप प्रखण्ड मंत्री गोपाल जोशी ने बताया की कैंडल मार्च रात्रि 7.30 बजे अशोक स्तम्भ फॉर पोल से शुरू होगा और शीतला बाजार तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा, उन्होंने बताया कि शीतला बाजार में रात्रि आठ बजे आतंकी हमले में वीर गति को प्राप्त हुए निर्दोष हिंदुओ को नगर वासियों की ओर से श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी , विहिप ज़िला उपाध्यक्ष अनिल शास्त्री, बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक हरेंद्र जांदू, विहीप प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुरेश धेरड, नगर उपाध्यक्ष मांगेराम जांगिड़ ने कैंडल मार्च एवम श्रद्धांजली सभा की तैयारियां शरू कर शहर के लोगो से ज्यादा संख्या भागीदारी निभाने का सन्देश दिया।

परशुराम जन्मोत्सव 29 को

झुंझुनूं, (निसं)।कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में हुई हिंदुओं की दुर्दांत हत्या की घटना को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर ब्राह्मण समाज ने निर्णय लिया है कि वे इस बार अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम समारोह की तरह ना मनाकर सादगी से मनाएंगे। पहलगाम की घटना के विरोध में ब्राह्मण समाज, विप्र फाउंडेशन, गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा 28 अप्रेल को होने वाले परशुराम जन्मोत्सव समारोह व सिलाई वितरण कार्यक्रम को कुछ दिनों के लिए स्थगित रखा गया है। जबकि 29 अप्रेल को पूजा, अर्चना व परशुराम चालीसा का पाठ किया जाएगा। साथ ही पक्षियों के लिए परिंडा बांधकर व निराश्रित गौ वंश को भोजन खिलाकर सादगी और सेवा भाव से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

टैक्सी यूनियन की बैठक 28 को

झुंझुनूं, (निसं)। टैक्सी यूनियन झुंझुनूं का जिला सम्मलेन 28 अप्रेल को शिक्षक भवन झुंझुनूं में होगा। जिलाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में टैक्सी चालकों का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार टैक्सी चालकों को परेशान किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों के उपर सम्मेलन मे चर्चा कर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के दो आरोपी गिरफ्तार

सिंघाना, (निसं)। सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि मिश्रावाली ढाणी सिंघाना निवासी मंगेजाराम सैनी ने 14 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि वह और उसका भाई मुकेश सैनी बुहाना बस स्टैंड पर होटल चलाते हैं। सोमवार को जैसाराम की ढाणी भोदन निवासी सचिन सिराधना उर्फ छोटू व सिंघाना निवासी अर्जुन उर्फ मोरिया नायक अपने 4-5 साथियों के साथ होटल पर आया। उन्होंने उधार में खाना मांगा। मंगेजाराम ने पहले का बकाया चुकाने को कहा।

इस पर आरोपियों ने धमकी दी कि उधार में खाना देना पडेगा, नहीं तो होटल बंद करवा देंगे और जान से मार देंगे। तब वे गाली-गलौच कर चले गए। रात करीब 11 बजे सचिन, अर्जुन और उनके साथी दोबारा होटल में आए और लाठी-डंडों से होटल के कर्मचारी कृष्ण सैनी व शेरसिंह सैनी के साथ मारपीट की। काउंटर सहित सामान तोड दिया। गल्ले से 35 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट दी तो जान से मार देंगे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मुखबिर की सूचना पर निजामपुर के कारोली मारोली पंहुचे तो वहां पर दबिश देकर जैसा की ढाणी भोदन निवासी सचिन उर्फ छोटू पुत्र हजारीलाल व टीकुपुरा निवासी श्रीपाल उर्फ ढिल्लीया पुत्र कैलाश चंद गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि मामले में शामिल अर्जून उर्फ मोरिया, राकेश कुमार, कुलदीप उर्फ केडी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, जिनको गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एचसी सुभाष लांबा, कांस्टेबल अजय भालोठिया, चोखाराम, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी थी

आर्यिका का रानोली में प्रवेश

सीकर (निसं)। बजाज रोड स्थित जैन भवन में विराजमान जैन गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ गुरुवार को जयपुर के और विहार हुआ। किशोर संगही ने बताया कि विहार से पूर्व गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ ने जैन भवन में संबोधन करते हुए कहा कि वीतरागता से ही सम्यक दर्शन की प्राप्ति सम्भव है। सच्चे देव शास्त्र गुरु पर विश्वास एवं रत्नात्रय का पालन करने से ही ज्ञान का मार्ग प्रशस्त्र होता है और मन वचन काय द्वारा विकल्प रहित होकर सच्ची ध्यान क्रिया ही प्राणी मात्र को मुक्ति की ओर ले जाती है।प्रियंक गंगवाल ने बताया कि माता जी गुरुवार को आर्यिका संघ प्रात: कालीन जैन भवन सीकर से चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर दर्शन करते हुए विहार शोभासरिया इंजीनियरिंग कॉलेज प्रस्थान किया। इस दौरान जगह-जगह पादपक्षालन और माता जी का स्वागत किया गया आर्यिका संघ की आहारचर्या शोभासरिया इंजीनियरिंग कॉलेज सीकर में हुई साथ ही संध्याकालीन शोभासरिया इंजीनियरिंग कॉलेज से विहार करके श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र रेवासा के लिए किया रात्रि विश्राम अतिशय क्षेत्र रेवासा होगा शुक्रवार की आहारचर्या रानोली में होगी।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश पश्चिम, जयपुर स्थान द्वितीय जयपुर महानगर राजपाल व अन्य विरूद्ध अजय सिंह व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र....
प्रार्थना-पत्र संख्या 79 सन 2025

नाम अजय सिंह पुत्र श्री दगाराम अहिर जाति यादव पता प्लाट नं. 80, बी साउथ पार्ट शिवशक्ति विहार बैनाड ग्राम बोयतावाला, जयपुर हाल वार्ड नं. 12 नावता पचेरी छोटी उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि जिला झुन्झुनु।

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक माह 04 सन् 2025 को 8:00 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 24 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

नाम न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश पश्चिम स्थान जयपुर द्वितीय जयपुर महानगर राजपाल व अलग विरूद्ध अजय सिंह व अन्य
वाद बाबत
वाद सं. 93 सन् 2025

नाम अजय सिंह श्री पुत्र दयाराम जाति अहिर (यादव) निवासी प्लाट नं. स्थान 80, बी. साउथ पार्ट शिवशक्ति विहार बैनाड ग्राम बोयतावाता जयपुर हाल वार्ड नं. 12 नावता पचेरी छोटी, जिला झुन्झुनू ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 04 सन् 2025 को दिन में 8.00 एएम का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस बाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई कर दावा का प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या ने हो, अपने प्रतिरक्ष या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 24. माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर नेशनल हाईवे 11 पर स्थित खेतानाथ तपोभूमि सिद्धों की बाडी राजाणा में मंडा परिवार की ओर से करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से मंदिर का निर्माण कराया गया है साथ ही मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एवं भव्य धार्मिक आयोजन के तहत आज भरपालसर मूलनाथ महाराज की बगीची से सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा जो खेतानाथ महाराज तपोभूमि राजाणा पहुंचेगी। कथा का वाचन यज्ञ सम्राट हंसराज शास्त्री भरपालसर के द्वारा कथा का रस्वादन कराया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12:15 बजे से 5 बजे तक रहेगा। साथ ही 28 अप्रैल से 3 मई तक पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ रतनगढ़ के आचार्य पंडित देवकीनंदन माटोलिया के सानिध्य में करवाया जाएगा। इस नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। साथ ही बाहर से आने वाले भक्तों के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। मंदिर के महंत नंदानाथ महाराज ने बताया 3 मई को रात्रि को अग्नि नृत्य जसनाथ महाराज का जम्मा एवं भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा।

एसबीआई सहजूसर में मृतक आश्रितों को दो लाख के चेक सौंपे



भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर व नरपत सिंह राठौड़ ने मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपये के चेक प्रदान किये।

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम सहजूसर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर व नरपत सिंह राठौड़ ने गुरुवार को मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपये के चेक प्रदान किये।

शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सहजूसर शाखा के खाता धारक हीरालाल शर्मा की सामान्य मृत्यु होने पर उनके आश्रित जगदीश प्रसाद शर्मा और झारिया के मृतक मोहम्मद साजिद के आश्रित कलसुम बानो को दो-दो लाख रूपये के चैक प्रदान किये गये। शाखा प्रबंधक ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में खाता खुलाने पर प्रधानमंत्री सड़क सुरक्षा बीमा योजना में प्रत्येक खाता धारक को 20 रूपये वार्षिक व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रूपये वार्षिक जमा कराने पर प्रत्येक खाता धारक को इस बीमा क्लेम का लाभ मिलता है। इसमें सामान्य मृत्यु के अंतर्गत भी 2 लाख तक के बीमा क्लेम का प्रावधान है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक राजकुमार इंदौरिया, राजेश धूत, पंकज कुमार वर्मा, सुनील बुरड़क, सफीक कुरैशी, सरपंच शिवराम गोदारा, पूर्व सरपंच शिशुपाल गोदारा, लिखमीचंद, लतीफ, पोकर, विकास, हजारी शर्मा, अजीज अली गार्ड सहित ग्रामीण व मृतक के परिजन उपस्थित थे।

पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख आईटी केंद्र में विकास अधिकारी पंचायत समिति राजगढ़ राजेंद्र जोईया व ग्राम विकास अधिकारी रोहतास मूण्ड द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। गुरूवार सुबह 11 बजे दी जानकारी के अनुसार प.स. विकास अधिकारी राजेंद्र जोईयां ने कहा कि गर्मी का मौसम को देखते हुए पक्षीयों के लिए छायादार पौधों के परिंडे बांधे, ताकि बेजुबान पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के लिए पानी मिल सके। अधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा कई स्थानों पर परिंडे लगाकर उसमें नियमित पानी डालने की जिम्मेदारी दी।

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

क्रमांक :- लोका/स्टोर/2025/471 दिनांक 17.04.2025

विज्ञप्ति (निलामी सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में सत्र 2022-23 में भौतिक सत्याप के दौरान पाए गए अनुपयोगी सामान, जिसका मूल्य रू 249186/- है एवं महाविद्यालय पुस्तकालय में निरीक्षण समिति द्वारा पाई गई अनुपयोगी पुस्तकों, जिसका मूल्य लगभग रू. 19784/- तथा दोनों का कुल मूल्य रू. 269060/- है, की नीलामी दिनांक 21.05.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से शुरू की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर बोली लगा सकता है। नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार है-

1. नीलामी से पूर्व बोलीकर्ताओं को रू. 5000/- जमा करवाने होंगे।
2. उच्चतम बोलीदाता को उसी समय बोली की 25 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. उच्चतम बोली की स्वीकृति के पश्चात 75 प्रतिशत राशि 03 दिवस में जमा करवानी होगी।
4. माल जिस अवस्था में है उसी की बोली लगेगी व किसी प्रकार की छटनी नहीं होगी।
5. उच्चतम बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा।
6. उच्चतम बोली के अतिरिक्त नियमानुसार प्रचलित दरों पर बिक्री कर अलग से देय होगा।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

सप्तम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का समापन

पाटन (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सप्तम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह गुरुवार को स्थानीय अति. जिला कलेक्टर कार्यालय नीमकाथाना के सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में बाल विकास परियोजना अधिकारी बुहाना (झुंझुनूं) संजय चेतानी उपस्थित रहे, वहीं अध्यक्षता परियोजना अधिकारी नीमकाथाना मंजु भामू ने की। समारोह के दौरान सीडीपीओ भामू ने बताया कि यह पोषण पखवाडा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक मनाया गया, जिसमें चार प्रमुख थीमों पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गई। जीवन के पहले 1000 दिन, पोषण ट्रैकर का लोकप्रियकरण, सीएमएएम मॉड्यूल से कुपोषण प्रबंधन, तथा बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली का प्रचारापखवाड़े के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता के साथ-साथ जन जागरूकता बढाने वाले कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्रों पर वर्षा जल संचयन, आयुष पद्धितयों के माध्यम से सतत खाद्य प्रणाली को बढ़ावा देने एवं एनीमिया उन्मूलन जैसे विविध आयोजन किए गए।

समारोह में विशेष आकर्षण के रूप में दो गर्भवती महिलाओं मीनाक्षी देवी एवं पपीता देवी की गोद भराई की रस्म अदा की गई, वहीं छह माह की बच्ची हिमाद्री का अन्नप्राशन संस्कार मुख्य अतिथि चेतानी एवं भामू द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में पोषण ट्रैकर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। प्रभावशाली मॉनिटरिंग के लिए डॉ. अंशुल श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ महिला पर्यवेक्षक सरोज इंदुलिया ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी चिमनलाल वर्मा, ब्लॉक समन्वयक डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक गोविन्द सिंह, महिला पर्यवेक्षकगण एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।

पाटन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सप्तम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा सम्पन्न हुआ।

'वक्फ संशोधन बिल धार्मिक हस्तक्षेप नहीं बल्कि एक सामाजिक सुधार का प्रयास है'

चूरू (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड के आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा व महिला मोर्चा की ओर से अल्पसंख्यक समाज के कल्याण के लिए लाए गए वक्फ संशोधन बिल को लेकर गुरूवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती थे। इस अवसर पर सुमेधानंद ने कहा कि वक्फ बिल समाज के उस अंतिम मुस्लिम समाज के व्यक्ति के लाभ के लिए लाया गया है जो व्यक्ति 70 साल से उपेक्षित था। इस बिल का उद्देश्य किसी धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करना नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करना है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक आम मुस्लिम समुदाय को बहकाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीएए के बारे में भी भ्रांतियां फैलाई कि इस कानून के लागू होने से लोगों की नागरिकता चली जाएगी, लेकिन 4 वर्ष बाद भी इस कानून के लागू होने पर किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं गई है। उन्होंने कहा कि इस कानून के द्वारा गरीब मुसलमान को देश के विकास में भागीदार बनाना चाहते हैं। जिसे 70 वर्षों तक कांग्रेस ने ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना में 36 प्रतिशत मुस्लिम युवाओं को लाभ मिला है, वहीं उज्ज्वला योजना से 37 प्रतिशत मुस्लिम माता-बहनों को गैस सिलेंडर मिला है। जन धन खाते में 42 प्रतिशत मुस्लिमों को लाभ मिला है। वहीं स्किल डेवलपमेंट में 22 प्रतिशत व किसान सम्मान निधि योजना में 33 प्रतिशत तथा अन्न धन योजना में 32 प्रतिशत मुस्लिम भाई बहनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है।

इस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम सारस्वत ने कहा कि मुस्लिम परिवारों में इस प्रकार की कार्यशालाओं से एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए वक्फ सुधार कानून के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि इस कानून के लागू होने से गरीब मुस्लिम महिलाओं को उनका अधिकार प्राप्त होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में वक्फ सुधार कार्यशाला के जिला संयोजक भास्कर शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन सभी अल्पसंख्यक लोगों के बीच में पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जाकर वक्फ सुधार बिल के बारे में जानकारी देंगे, जिससे अल्पसंख्यक समाज में इस बिल के बारे में जागरूकता फैलेगी। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान ने सभी अल्पसंख्यक लोगों से अपील की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्तार खान ने कहा कि कांग्रेस के 70 साल के शासन में भी जब मुसलमान पिछड़ा हुआ रहा तो उसे सच्चर कमेटी बनानी पड़ी और सच्चर कमेटी ने कहा कि देश का मुसलमान पिछड़ा है, इसका मतलब कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश के मुस्लमान को विकास से महरूम रखा। कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगांव में आतकवादियों द्वारा मारे गये मृतकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिला मंत्री नरेश सहारण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालयः- सचिव मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- लेखा/एमआरएस/निविदा/437 दिनांक 24.04.2025

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी राजकीय उप जिला चिकित्सालय राजगढ़ पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस संस्थान को निम्नांकित सेवायें तथा सामान क्रय व कार्य करवाया जाना है, अतः इच्छुक फर्म से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में तकनीकी व फाइनेन्शियल बिड अलग-अलग होगी व उन पर संबंधित निविदा का नाम लिखा होना आवश्यक है।

NIB Number-MHS2526A0267

क्र. सं.	निविदा के प्रकार /कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	निविदा प्राप्ति तिथि	निविदा जमा करने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	UBN Number
1	ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर	150000	3000	500	25.04.2025 से 01.05.2025 को 11 बजे	01.05.2025 को 12 बजे तक	01.05.2025 को 2 बजे	MSH2526SSRC00541
2	गार्ड/चौकीदार	100000	2000	500	25.04.2025 से 01.05.2025 को 11 बजे	01.05.2025 को 12 बजे तक	01.05.2025 को 2 बजे	MSH2526SSRC00543
3	कंप्यूटर ऑपरेटर एनएडीवाई	150000	3000	500	25.04.2025 से 01.05.2025 को 11 बजे	01.05.2025 को 12 बजे तक	01.05.2025 को 2 बजे	MSH2526SSRC00544

1. धरोहर राशि सदस्य सचिव मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी राजगढ़ चूरू के नाम देय होगा।
2. निविदा शर्तें कार्यालय में उपलब्ध है, जिन्हें निविदादाता द्वारा कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है।